Total No. of printed pages = 4

4 (Sem-2) FHIN-I

2019

HINDI

(Functional MIL – I)

Full Marks – 80

Pass Marks – 24

Time – Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) सृष्टि का उत्पादन करना किसका काम है ?

(ख) चित्रत्व को भोटी भाषा में क्या कहते है ?

(ग) 'मायामोहिनी मन हरन' किसका कथन है ?

(घ) धोखा खाये बिना—— नहीं आती। रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(ङ) 'मेघदूत' किनकी काव्य-कृति है ?

(च) मेघ संदेश किसका आत्म संदेश है ?

(छ) सांसारिक सुख किसके बदौलत प्राप्त होते हैं ?

(ज) दूसरे का महत्व स्वीकार करना किसका मूल तत्त्व है?

(झ) कला–कुशल या सदाचारी अपने चारों ओर क्या देखना चाहता है ?

(ञ) श्रद्धा अगर जागरण है तो प्रेम क्या है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) धोखे के संबंध में ईश्वर किस प्रकार की भूमिका निभाते है?

(ख) निबन्धकार ने जीव की तुलना घढ़ी से क्यों की ?

(ग) क्या यक्ष निर्ब्याज प्रेम के उपयोगी है ?

(घ) श्रद्धा का व्यापार स्थल विस्तृत है — स्पष्ट करे ।

(ङ) शील संबंधिनी श्रद्धा क्या है ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) धोखा निबन्ध में अन्तर्निहित शक्ति के विषय में बताइये।

(ख) निबन्धकार ने यक्ष को नायक क्यों बताया ?

(ग) राजा कुबेर के विषय में मेघदूत निबन्ध के आधार पर लिखिए।

(घ) श्रद्धा और प्रेम के किन्हीं दो अन्तरों पर प्रकाश डालिए।

(ङ) उसे वही अच्छी तरह समझ सकता है जो स्वयं कवि है—का आशय स्पष्ट कीजिए।

(च) 'विज्ञापन में नैतिकता' स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कवियों की यह सम्मति है कि विषय के अनुकूल छंदोयोजना करने से वर्ण्य विषय में सजीवतासी आ जाती है। वह विशेष खुलता है ।

अथवा

श्रद्धा महत्व को आनन्दपूर्ण स्वीकृति के साथ-साथ पूज्य वुद्धि का संचार है।

(ख) विज्ञापन और वाणिज्यिक विज्ञापन में क्या अन्तर है? वाणिज्यिक विज्ञापन के महत्वों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

वर्तमान युग में विज्ञापन की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रसार एवं प्रचार को स्पष्ट करे।

(ग) बन्द के आह्वानों से व्यापार-वाणिज्य पर पड़नेवाले बुरे प्रभावों की चर्चा करते हुए 'पूर्वांचल प्रहरी' समाचार पत्र के सम्पादक के नाम एक पत्र लिखिए।

अथवा

बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त अपनी औद्योगिक इकाई को पुनः स्थापित करने के लिए ऋण मंजूरी का अनुरोध करते हुए भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबन्धक को एक पत्र लिखिए।

(घ) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

(अ) आर्थिक विकास में बैंकों का योगदान

(आ) वाणिज्यिक शिक्षा की आवश्यकता

(इ) राष्ट्रभाषा हिन्दी

(ई) असम की परिवहन व्यवस्था

(उ) दहेज प्रथा।